
## खास खबरें ...

### वितिदसर्न से हारकर थाईलैंड ओपन से बाहर हुए लक्ष्य



**बैंकॉक ( एजेंसी )।** युवा भारतीय शटलर लक्ष्य शनिवार को थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में कुनलावुत वितिदसर्न से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। अपनी घरेलू सरजमीन पर खेल रहे वितिदसर्न ने लक्ष्य को एक घंटे 15 मिनट चले मैच में 13-21, 21-17, 21-13 से मात दी। इस सीजन के पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे लक्ष्य ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की, लेकिन पहला गेम जीतने के बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। पहले गेम में वितिदसर्न तमाम कोशिशों के बावजूद लक्ष्य की बराबरी नहीं कर सके। भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त लेने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और 21-13 से पहला गेम जीत लिया।

### कीनिया की धाविका फेथ ने 1500 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया



**फ्लोरेंस ( एजेंसी )।** कीनिया की फेथ किपयेगोन ने गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। किपयेगोन ने शुक्रवार को डायमंड लीग की इस प्रतियोगिता में तीन मिनट 49.11 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। किपयेगोन इस दौड़ में तीन मिनट 50 सेकंड से कम का समय निकालने वाली दुनिया की पहली महिला एथलीट बन गई हैं। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियन किपयेगोन ने इथियोपिया की गेन्जेबे दिबाबा के 2015 में बनाए गए तीन मिनट 50.07 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। किपयेगोन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 50.37 सेकंड था जो उन्होंने पिछले साल अगस्त में मोनाको में बनाया था।



### मेनचेस्टर सिटी ने यूनाइटेड को हराकर जीता एफए कप का खिताब

**लंदन( एजेंसी )।** मेनचेस्टर सिटी ने शनिवार को एक रोमांचक खिताबी मुकाबले में मेनचेस्टर यूनाईटेड को 2-1 से हराकर एफए कप पर कब्जा जमा लिया। वेम्ब्ले मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में सिटी की ओर से लेके गुडगान ने दो गोल दागे। उन्होंने मैच के पहले और 51 वें मिनट पर गोल दागते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

# एफआईएच प्रो लीगः भारत की पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन पर 4-2 से जीत



## निर्धारित समय तक दोनों टीमें 4-4 से ड्रा खेलीं

***लंदन ( एजेंसी )। एफआईएच प्रो लीग में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार तरीके से ब्रिटेन के खिलाफ जीत हासिल की है। शनिवार को ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हरा दिया।***

*अंतिम पेनल्टी शूटआउट में अभिषेक सिंह ने स्कोर कर भारत को 4-4 से ड्रॉ के बाद 4-2 से जीत दिलाई। मनप्रीत सिंह ने अपने फुर्तीले कौशल से भारत को बराबरी पर पहंचाया था। इससे पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम को 5-1 से हराकर उलटफेर करते हुए एफआईएच प्रो लीग में अपने यूरोपीय चरण में लगातार हार के बाद शानदार वापसी की थी। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम अपने दूसरे मैच में ग्रेट ब्रिटेन से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार थी। ब्रिटेन ने तीन मैदानी गोल दागे जबकि भारत ने अपने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। भारतीय टीम अपने पहले मैच में अंतिम मिनट में गोल खाने के कारण बेल्जियम से 1-2 से हार गई थी। आज के मुकाबले में शूटआउट में दो बार बचाने वाले कृष्ण बहादुर पाठक की शानदार गोलकीपिंग की।*

# उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहता हूं, जैसे आईपीएल में की: रहाणे

**पोट्र्समाउथ ( एजेंसी )। लगभग 18 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को बीते हुए समय को लेकर कोई खेद नहीं है और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहते हैं जैसी उन्होंने आईपीएल में की थी।**

रहाणे ने भारत के अभ्यास सत्र से इतर बीसीसीआई टीवी से कहा कि मैंने 18-19 महीनों के बाद वापसी की है। अच्छा या बुरा जो कुछ भी हुआ, मैं अपने अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहता हूं। मैं नए सिरे से शुरुआत करना चाहता हूं और मैंने जो कुछ किया उसे जारी रखना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने निजी तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलने का पूरा आनंद उठाया क्योंकि पूरे सत्र में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की। यहां तक कि आईपीएल से पहले घरेलू सत्र में भी मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा और मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। इसलिए यह वापसी मेरे लिए थोड़ा भावनात्मक रही। आईपीएल चैंपियन चेन्नई का हिस्सा रहे रहाणे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए काफी प्रशंसा बटोरी और वह इसी जज्बे के साथ आगे भी बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं उसी मानसिकता और जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहता हूं जैसा मैंने यहां आने से पहले आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में की थी। मैं प्रारूप को लेकर नहीं सोचना चाहता हूं फिर चाहे वह टी-20 हो या टेस्ट मैच। मैं अभी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उसमें मैं चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहता हूं। मैं चीजों को जितना सरल बना कर रखूंगा उतना ही मेरे लिए बेहतर होगा। भारत की तरफ से अभी तक 82 टेस्ट मैचों में 4931 रन बनाने वाले रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीती थी। उन्होंने वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व कौशल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टीम संस्कृति बहुत अच्छी है। रोहित



टीम को अच्छी तरह से संभाल रहे हैं और राहुल (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) भाई भी वास्तव में टीम को अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। इससे भी मदद मिलती है और टीम का माहौल शानदार है। हर खिलाड़ी एक दूसरे के साथ का पूरा लुत्फ उठा रहा है। रहाणे ने अपने परिवार और दोस्तों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के दौरान उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में मेरे लिए भावनात्मक क्षण था। जब मैं टीम से बाहर किया गया तो मेरे परिवार का समर्थन बहुत मायने रखता था। भारत की तरफ से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान दिया और घरेलू क्रिकेट में खेलने लगा। मुझे पूरा विश्वास था कि मैं फिर से भारत की तरफ से खेल सकता हूं।

### रंग बिरंगी गेंदों से फील्डिंग करती दिखी भारतीय टीम

**पोर्टसमाउथ (एजेंसी)।** पिछले कुछ साल में भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में कई प्रयोग देखने को मिले हैं और अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तैयारी के लिये टीम रंग बिरंगी रबर गेंदों का इस्तेमाल कर रही है ताकि कैचिंग के दौरान आखिरी मौके पर गेंद के रूख बदलने पर भी कैच लपकने में परेशानी नहीं हो। यहां अभ्यास के दौरान शुभमन गिल को हरी गेंदों से कैच लपकते देखा गया । पीले रंग की भी गेंद थी लेकिन लॉन टेनिस गेंद नहीं थी जो आम तौर पर विकेटकीपर और करीबी क्षेत्ररक्षकों के अभ्यास के लिये इस्तेमाल की जाती है । एनसीए के लिये काम कर चुके एक मशहूर फील्डिंग कोच ने बताया कि ये खास तौर पर बनाई गई रबर गेंदें है, वह नहीं जो गली क्रिकेट में इस्तेमाल होती है। इन्हें 'रिएक्शन गेंद कहते हैं और ये इंग्लैंड या न्यूजीलैंड जैसे कुछ खास देशों में अभ्यास के लिये इस्तेमाल की जाती है जहां ठंडी हवा और ठंडा मौसम होता है । हरी गेंद की अहमियत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा किकिसी खास रंग का कोई वैज्ञानिक या क्रिकेटिया कारण नहीं है ।लेकिन स्लिप के क्षेत्ररक्षकों और विकेटकीपर के लिये रबर की गेंद खास तौर पर कैचिंग के लिये प्रयोग की जाती है । उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एकमात्र देश है और कुछ हद तक न्यूजीलैंड में भी गेंद बल्लेबाज के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर रूख बदल लेती है जिससे कैच लपकना मुश्किल हो जाता है । ड्यूक गेंद और भी डगमगाती है इसलिये रबर की गेंदों से अभ्यास किया जा रहा है क्योंकि ये अधिक स्विंग लेती हैं या डगमगाती हैं।

# काउंटी अनुभव डब्ल्यूटीसी के लिए फायदेमंद होगा : लाबुशेन



**लंकाशर ( एजेंसी )।** पिछले दो महीनों से इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में ग्लैमोर्गन के लिए खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को उम्मीद है कि यह अनुभव सात जून से भारत के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उनके काम आएगा। लाबुशेन की टीम के कई साथी जहां अप्रैल-मई में भारत में आईपीएल खेल रहे थे, वहीं लाबुशेन ने इस दौरान इंग्लैंड के माहौल में ढलने का प्रयास किया। उन्होंने काउंटी क्रिकेट की अपनी शानदार फॉर्म का सबूत देते हुए आठ पारियों में दो शतकों की मदद से 504 रन बनाए और उन्हें उम्मीद है कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल और उसके बाद होने वाली एशेज टेस्ट शृंखला में इस प्रदर्शन को बरकरार रख सकेंगे। लाबुशेन ने आईसीसी के साथ बातचीत में कहा कि मैं यहां काउंटी क्रिकेट मे पिछले पांच सालों से आ रहा हूं। अब यह मेरी आदत का हिस्सा बन गया है। मुझे यहां आना और काउंटी क्रिकेट खेलना पसंद है। मुझे ग्लैमोर्गन की टीम पसंद है। उन्होंने कहा किमैं यहां खेलने का बहुत आनंद लेता हूं इसलिए बार-बार लौटकर आता हूं। यह मेरे लिए अच्छा है कि इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पा फाइनल और एशेज भी है। उस सीरीज में बढ़ते हुए यह (अनुभव) मेरे लिए फायदेमंद होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया को सात जून से होने वाले खिताबी मुकाबले में लंदन के द ओवल मैदान पर भिड़ना है। एक अनुभवी बल्लेबाज होने के नाते लाबुशेन समझते हैं कि इस अहम मैच में उनके ऊपर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। लाबुशेन ने कहा कि कोई भी ऑस्ट्रेलिया के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करेगा तो उसके ऊपर जिम्मेदारी होगी ही। मैं जब 2019 में (एशेज, टेस्ट सीरीज के लिए) यहां आया था जो रन बनाना मेरी जिम्मेदारी थी। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो वे मेरी जगह किसी और को ढूंढ लेते। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगा कि अब कुछ भी बदला है। हमें रन बनाने की और ज्यादा से ज्यादा मैचों में टीम की जीत में योगदान देने के तरीके खोजने की जरूरत है। डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भारत ने चार टेस्ट मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी की थी, जहां लाबुशेन आठ पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक ही बना सके थे। भारतीय परिस्थितियों में भले ही स्पिनरों ने लाबुशेन को परेशान किया हो, वह जानते हैं कि द ओवल पर उन्हें तेज गेंदबाजों के विरुद्ध सावधान रहना होगा।

# फ्रेंच ओपन : रूने, रूड, जोकोविच अंतिम-16 में



**पेरिस ( एजेंसी )। नॉर्वे के कैस्पर रूड और डेनमार्क के होल्गर रूने ने शनिवार को फ्रेंच ओपन में अपने-अपने तीसरे चरण के मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। चौथी सीड रूड ने चीन के झांग झिझेन के विरुद्ध पहला सेट हारने के बाद 4-6, 6-4, 6-1, 6-4 की मज़बूत जीत दर्ज की। छठी सीड रूने ने अर्जेंटीना के गेनारो एलबर्तो ओलिविएरी को सीधे सेटों में 6-4, 6-1, 6-3 से मात दी।**

वहीं टेनिस के पूर्व नंबर 1 रहे नोवाक जोकोविच ने चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। नोवाक ने स्पेनिश खिलाड़ी डेविडोविच फोकिना को 7-6 (4), 7-6 (5), 6-2 से हराया। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में नंबर 3 पर स्थित नोवाक ने पुरुष सिंगल्स के तीसरे राउंड में नोवाक ने जीत दर्ज की है। इसके साथ ही वो अब फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए। साढ़े तीन घंटे से भी अधिक समय तक चला। इस मैच के दौरान दर्शकों की तरफ से लगातार नकारात्मक टिप्पणियों की बौछार होती रही मगर नोवाक ने सभी नकारात्मक टिप्पणियों को जवाब जीत से दिया। जोकोविच को तीसरे दौर के मैच में 29 वीं वरीयता प्राप्त अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बाइस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के करियर में यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में तीन सेट में जीत दर्ज करने के लिए तीन घंटे 36 मिनट का समय लिया। जोकोविच के अलावा पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज,पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास और आठवीं वरीयता प्राप्तकारेन खाचनोव आगे बढ़ने में सफल रहे। अन्य मैचों में लोरेंजो सोनेगो ने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव को , जबकि जुआन पाब्लो वरिलास ने नंबर 13 ह्यूबर्ट हर्कज को 3-6, 6-3, 7-6 (3), 4-6, 6-2 से उलटफेर का शिकार बनाया। महिला वर्ग मेंदूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, डारिया कसात्किना, स्लोएन स्टीफंस, एलिना स्वितोलिना और 2021 की उपविजेता अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

महिला जूनि. एशिया कप हॉकी



### अन्नू की दोहरी हैट्रिक, भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से रौंदा

**काकामीगाहारा ( एजेंसी )।** अन्नू की दोहरी हैट्रिक की मदद से भारत ने शनिवार को यहां उज्बेकिस्तान को 22-0 से करारी शिकस्त देकर महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। भारत की तरफ से अन्नू (13वें, 29वें, 30वें, 38वें, 43वें, 51वें मिनट) ने बेहतरीन खेल दिखाया। उनके अलावा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (तीसरे, 56वें); मुमताज खान (छठे, 44वें, 47वें, 60वें), सुनेलिता टोप्पो (17वीं, 17वीं); अन्य निशाने पर मंजू चोरसिया (26वें), दीपिका सोरेंग (18वें, 25वें), दीपिका (32वें, 44वें, 46वें, 57वें) और नीलम (47वें) ने भी गोल दागे। भारत ने शुरू से ही आक्रामक तेवर अपनाए। वैष्णवी ने तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिला दी थी। इसके तीन मिनट बाद मुमताज ने मैदानी गोल किया। अन्नू के गोल से भारत ने पहले क्वार्टर में 3-0 से बढ़त बनाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में एक के बाद एक सात गोल किए जिससे वहां मध्यांतर तक 10-0 से आगे था।

# वायरल के कारण रिबाकिना फ्रेंच ओपन से हुईं बाहर

**पैरिस ( एजेंसी )।** कजाखिस्तान की चौथी वरीयता प्राप्त एलीना रिबाकिना ने वायरल बुखार के कारण शनिवार को ग्रैंड स्लैम आयोजन फ्रेंच ओपन 2023 से नाम वापस ले लिया। विंबलडन 2022 की चैंपियन रिबाकिना को तीसरे दौर के मैच में स्पेन की सारा सोरिबेस टॉर्मो का सामना करना था, लेकिन बुखार के कारण उन्होंने सारा को वॉकओवर दे दिया।


**पश्चिम मध्य रेल्वे**

**ई-निविदा सूचना**

(संख्या भो-(नि.)-II/बीना-कटनी/01/2023 दिनांक: 02.06.2023

उप मुख्य अभियंता-II/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते है । निविदा:01, कार्य का नाम लोकेशन सहित: बीना-कटनी तीसरी लाइन के संबंध में आरओबी 1051/2 का शेष कार्य-एप्रोच रोड, आपूर्ति, निर्माण और स्टील गर्डर का निर्माण और लॉन्चिंग, सागर-मकोनिया सेक्शन में रिटेनिंग वॉल और आरओबी 1074/1 (एप्रोच रोड, मौजूदा पुल को हटाना, रिटेनिंग वॉल) और अन्य विविध कार्य करना । निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में): 638.46 लाख, बयाना राशि रुपये: 4,69,200.00 निविदा खुलने की तिथि: 26.06.2023, कार्य समापन अवधि (माह): 08 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित । ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाईट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल/हबीबगंज/ भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है । ई-निविदा के अलावा और कोइ निविदा मान्य नही है । निविदा कार वेबसाईट को निविदा खुलने की तिथी तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोइ शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके । उप मुख्य अभियंता-II/निर्माण, पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NARENDRA SINGH था किन्तु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर NARENDRA SINGH PARMAR हो गया है। अत: भविष्य में अब मुझे मेरे नए नाम NARENDRA SINGH PARMAR से ही जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS :
CHANDRA PRABHA,
NEAR DISTRICT
HOSPITAL, BENI SAGAR,
PANNA (M.P.) 48833

1638


### इंग्लैंड ने आयरलैंड को टेस्ट मैच में 10 विकेट से हराया

**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड ने अपने घरेलू सीज़न की ज़ोरदार शुरुआत करते हुए शनिवार को एकमात्र टेस्ट मैच में आयरलैंड को 10 विकेट से मात दी। पहली पारी में 352 रन से पिछड़ने के बाद आयरलैंड ने इंग्लैंड के सामने मात्र 11 रन का मामूली लक्ष्य रखा, जिसे इंग्लैंड ने चार गेंदों में हासिल कर लिया। इससे पूर्व शुक्रवार को ओली पोप के करियर के पहले दोहरे शतक और बेन डकेट की बेहतरीन बल्लेबाजी के बदौलत इंग्लैंड आयरलैंड पर एकमात्र टेस्ट में अपना शिकंजा कस लिया है। ओली पोप और डकेट के बीच दूसरे विकेट के लिए 252 रनों की साझेदारी हुई जिसकी मदद से इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 524 रन पर समाप्त घोषित की। इस तरह इंग्लैंड की टीम ने एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी मजबूत स्थिति बना ली है। इंग्लैंड के खिलाफ आयरलैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 174 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 524 रन पर घोषित की। इस तरह मेहमान टीम ने आयरलैंड पर पहली पारी के आधार 350 रनों की मजबूत बढ़त हासिल की। वहीं दूसरी पारी में भी आयरलैंड बल्लेबाजी करने उतरी तो दिन की समाप्ति तक उसने 97 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। पोप ने 205 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि डकेट ने 182 रन बनाए। इन दोनों के प्रयास से इंग्लैंड ने खेल के दूसरे दिन पहली पारी में 352 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में 172 रन बनाए थे। पोप ने अपनी पारी में 22 चौके और तीन छक्के लगाए थे।

# सिडनी के घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहते हैं वॉर्नर

**लंदन ( एजेंसी )।ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान अपने घरेलू मैदान सिडनी में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 2024 टी20 विश्व कप खेलना चाहते हैं, जो वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना निर्धारित है। हालांकि वॉर्नर के हालिया फॉर्म को देखते हुए पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका खेलना तय नहीं है।**

उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से कहते आ रहा हूं कि 2024 टी-20 विश्व कप मेरा अंतिम टूर्नामेंट होगा। अगर मैं यहां (डब्ल्यूटीसी फाइनल और ऐशेज) पर रन बनाता हूं तो तो मैं ऑस्ट्रेलिया में अपना अंतिम टेस्ट खेलना चाहूंगा। मैं वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में निश्चित रूप से नहीं खेलूंगा, लेकिन मैं पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। वॉर्नर ने पिछले साल मेलबर्न में बॉक्सिंग डे के दिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट खेला था और दोहरा शतक लगाया था। इस साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान




रिकी पोंटिंग ने कहा था कि दोहरे शतक के बाद ही वॉर्नर को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेना चाहिए था। वह उचित समय था। यह जनवरी 2020 के बाद उनका पहला शतक था। 2022 से वॉर्नर ने 24 टेस्ट पारियों में सिर्फ दो अर्धशतक और एक शतक लगाया है, जबकि उनकी औसत सिर्फ 26 की है। वॉर्नर ने कहा, मैं अपने हर मैच को आखिरी ही समझकर खेलता हूं। यही मेरा क्रिकेट खेलने का अंदाज है। मुझे टीम का हिस्सा बनना अच्छा लगता है और मैं उसके लिए कड़ी मेहनत करता हूं।


**जाहिर सूचना**

**भूमि ग्राम साला प.ह.न.-06 तहसील भीकनगाँव जिला खरगोन (म.प्र.) स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 128/1 कुल रकबा 1.980 हेक्टर कुल लगान 15.77 पैसे की सम्पूर्ण भूमि क्रय के संबंध में ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सम्पत्ति जो कि वर्तमान में श्री देवेन्द्र सांवले पिता श्री तोताराम सांवले नि. ग्रा. साला तहसील भीकनगाँव जिला खरगोन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को सर्वभार मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध कर प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान भी कर दिया है तथा शेष राशि अदा कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित कराना है। यदि उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग आदि का कोई हक, भार, अधिभार, बोझ व किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिन में मय लेखी सप्रमाण स्वंय या रजिस्टर्ड डाक द्वारा मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति का पंजीयन अपने नाम पर करवा लिया जावेगा एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी ।

**व्ही. एस. गाँवशिन्दे,**
**एडव्होकेट**
**बड़वाह तहसील बड़वाह**
**जिला खरगोन (म.प्र.)**
**मो. 9826717371**

1637



**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर भोपाल**

**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भूखण्ड क्रमांक 171 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री मनीष जैन आत्मज श्री लखनलाल जैन एवं श्रीमती प्राची जैन पत्नी श्री मनीष जैन के संयुक्त नाम हस्तान्तरण आदेश के 2110-2115 दिनाक 11/09/2014 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/04/2014 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। हस्तान्तरी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 16/08/2022 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ-पत्र संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती रूपल जैन पत्नी श्री संतोष जैन के नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विकय विलेख दिनांक 17/05/2023 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रूपल जैन पत्नी श्री संतोष जैन के नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी,म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

1634



**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील- हुजूर, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक- 86/अ-6/ सन्-2023-24
मौजा-गोलखेड़ी

**उद्घोषणा पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक मेसर्स श्री प्रभाकर कॉलोनाईजर एण्ड डेवलपसर्य प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालक प्रशांत जैन पुत्र पी के जैन निवासी 152 जोन 1 एमपीनगर भोपाल म.प्र. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर माननीय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनष्ट खण्ड भोपाल पीठासीन अधिकारी सुश्री पूर्णिमा सैय्याम द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 20.01.2023 के अनुसार एवं डिक्री के परिपालन में ग्राम गोलखेड़ी तहसील हुजूर जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 12, 13,17,18,19,20,21,22,23,24, 25, 29 की भूमि का नामान्तरणपा डिक्री के आधार पर किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक न आवेदन पत्र के साथ डिक्री की छायाप्रति राजस्व अभिलेखों की नकल एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13.06.2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 02.06.2023 जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

1635



**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-560/अ-6/-2023-24
मौजा गोलखेड़ी

**उद्घोषणा पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पमिन्दर सिंह पुत्र श्री एम आई सिंह सागर स्टेट अयोध्या बायपास भोपाल वर्तमान निवासी सरेठ सबटिठन यू के द्वारा मुख्तारआमश्रीमती रितु शुक्ला पत्नी स्व श्री आशुतोष शुक्ला निवासी 142 सागर स्टेट अयोध्या बायपास भोपाल म.प्र. द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 109.110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के एमी 059692022ए11013448 दिनांक 07.10.2022 आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम गोलखेड़ी प.ह.न. तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा 12,13,18,21,22,23,24,25,29,30 भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है आवेदक द्वारा रजिस्टर्ट विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13.06.2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को 02.06.2023 जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

1636